ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 11-01-2022

उधम सिंह नगर(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2022-01-11 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2022-01-12	2022-01-13	2022-01-14	2022-01-15	2022-01-16
वर्षा (मिमी)	2.0	0.0	0.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	22.0	21.0	21.0	21.0	21.0
न्यूनतम तापमान(से.)	7.0	6.0	7.0	7.0	7.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	95	95	95	90	90
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	70	70	65	65	65
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	6.0	6.0	6.0	6.0	6.0
पवन दिशा (डिग्री)	320	330	330	320	320
क्लाउड कवर (ओक्टा)	4	3	1	3	2

मौसम सारांश / चेतावनी:

विगत सात दिनों (4 – 10 जनवरी, 2022) में 69.7 मिमी वर्षा हुई व आसमान में मध्यम से घने बादल छाये रहे। अधिकतम तापमान 17.0 से 22.5 डि0से0 एवं न्यूनतम तापमान 6.8 से 13.3 डि0से0 के बीच रहा तथा वायु में सुबह 0712 बजे सापेक्षित आर्द्रता 88 से 98 प्रतिशत व दोपहर 1412 बजे सापेक्षित आर्द्रता 53 से 85 प्रतिशत एवं हवा 2.0 से 7.2 कि0मी0 प्रति घंटा की गति से मुख्यतः पूर्व-उत्तर-पूर्व व पूर्व-दक्षिण-पूर्व दिशा से चली। आगामी पांच दिनों में मौसम साफ रहेगा, आज कहीं-कहीं बूंदा-बांदी हो सकती है। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमश: 21.0 से 22.0 व 6.0 से 7.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 5.0-6.0 किमी/घंटे की गति से उत्तर-पश्चिम दिशा से चलने का अनुमान है। 11-13 जनवरी को मैदानी इलाकों के कुछ हिस्सों में मध्यम से घना कोहरा पड़ने की संभावना है। ईआरएफएस के अनुसार, 16 से 22 जनवरी के दौरान राज्य में वर्षा सामान्य से अधिक, अधिकतम व न्यूनतम तापमान सामान्य रहने का अनुमान हैं।

सामान्य सलाहकार:

किसान भाई पिछले सप्ताह के मौसम, मौसम पूर्वानुमान और मौसम आधारित कृषि सलाह प्राप्त करने के लिए "मेघदूत ऐप" तथा आकाशीय बिजली के पूर्वानुमान हेतु "दामिनी एप" डाउनलोड करें। मेघदूत व दामिनी ऐप को गूगल प्ले स्टोर (एंड्रॉइड उपयोगकर्ताओं) और ऐप सेंटर (आईओएस उपयोगकर्ताओं) से डाउनलोड किया जा सकता है| अत्यधिक वर्षा के कारण फसल में पानी जमा होने से गेहूं, मटर और सरसों जैसी फसलों को नुकसान हो सकता है, इसलिए किसान भाइयों को समय रहते अपनी फसल में से पानी निकाल देना चाहिए। खाद के साथ गंधक या पोटाश का प्रयोग करें तथा मटर की फसल में बोरॉन के साथ कवकनाशी का छिड़काव करें।

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनों में मौसम साफ रहेगा। 11-13 जनवरी को मैदानी इलाकों के कुछ हिस्सों में मध्यम से घना कोहरा पड़ने की संभावना है।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
गेहूँ	अगर गेहूँ में केवल चैड़ी पत्ती वाले खरपतवारों का ही बहुलता हो तो नवम्बर में बोई गई गेहूँ की फसल में 34-40 दिन बाद तथा दिसम्बर में बोई समय में बुवाई के 40-45 दिन बाद 2,4-डी0 के 500 ग्राम सक्रिय अवयव या मैटसल्फूरान मिथाईल के 4 ग्राम का 500-600 लीटर पानी में घोल कर फ्लैट-फैन नोजल द्वारा छिड़काव प्रति हैक्टर की दर से करें।
लहसुन	लहसून की पत्तियाँ पीली पड़ने की स्थिति में, टेबुकोनाजोल का 1 मिली/लीटर+प्रोफेनोफोस का 1 मिली/लीटर की दर से छिड़काव मौसम साफ होने पर करें।
सरसों	सरसों में माहुँ का प्रकोप बढ़ने पर थायमेथोक्जाम 25 डब्लू जी की 50-100 ग्रा0 मात्रा का 600-700 लीटर पानी में घोल बनाकर प्रति हेक्टेयर की दर से छिड़काव मौसम साफ होने पर करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
टमाटर	टमाटर में पछेती झुलसा रोग के नियंत्रण हेतु मैनकोजेब 75 प्रतिशत डब्लू0पी0 का 2.5 ग्राम/ली0 की दर से छिड़काव करे।
आलू	आलू के पछेती झुलसा रोग के प्रकोप से बचाव हेतु, मैनकोजेब जैसे फफूंदनाशक का 2.5 ग्राम प्रति लीटर की दर से छिड़काव मौसाम साफ होने पर करें।
आम	करी कीट के नियंत्रण हेतु पालीथीन स्ट्रिप का प्रयोग करें ताकि इन कीटों को पौधों के ऊपर चढ़ने से रोका जा सके। इसके लिए 25 से 30 सेमी चैड़ी पालीथीन लेकर पौधों के मुख्य तना पर जमीन की सतह से लगभग 30-40 सेमी ऊपर पौधों के तनों के चारों ओर से लपेट दें। लपेटने के उपरान्त पालीथीन की निचली तथा ऊपरी सतह पर ग्रीस या खराब तेल का प्रयोग करते हुए पालीथीन के दोनों शिरों को रस्सी से बांध दें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	यदि गर्भवती गायों में परजीवी घुन/जूँ या कीलनी का प्रकोप हो तो आरएक्स बोटॉक्स का 15 मिली लेकर 7 लीटर पानी मे मिलाकर सूती कपड़े से लगाए। इस बदलते मौसम में नवजात पशुओं में निमोनिया की संभावना ज्यादा रहती है। इसलिए पशुओं की आवास व्यवस्था को सुदृढ़ करें व आहार में गर्म चीजें दें। पशुओं को सर्दी से बचाने के लिए बिना पानी में मिलाए ही गुड़ के साथ अजवाइन का सेवन कराना चाहिए। यह उन्हें गर्मी और ऊर्जा देता है।
भेंस	भैंस के उपर छोटी-छोटी मक्खी बहुत अधिक लगने पर, 100 मिली नारियल के तेल में 10 ग्राम पिसी कपूर मिलाकर फेंटे, फिर दिन में चार बार लगाए।

मुर्गी पालन विशिष्ट सलाह:

मुर्गी पालन	मुर्गी पालन विशिष्ट सलाह
चूज़ा	चुजे ठंड के प्रति बहुत संवेदनशील होते है तथा उन्हे उचित भोजन प्रदान करें । उनके आवास में तापमान का अनुरक्षण करते रहे तथा गर्मी का उचित स्रोत बनाए रखें|